तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 31 मई, 2025



11 हकृवि व हकेवि महेंद्रगढ़ के बीच समझौता





12 कबाड़ के पास रखी मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा




## खबर संक्षेप

### हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा में थर्ड एसी डिब्बे बढ़ाए

**हिसार।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा में थर्ड एसी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04717, हिसार-तिरूपति स्पेशल रेलसेवा में हिसार से 31 मई व 7 जून को तथा गाडी संख्या 04718, तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा में 2 जून व 9 जून कोथर्ड एसी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

### समय पर नहीं मिल रहे बिजली-पानी के बिल

**हिसार।** नगर निगम पार्षद मोहित सिंगल ने जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी व सीवरेज के बिल नागरिकों तक समय पर न पहुंचाए जाने को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण शहरवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बिल समय पर न मिलने के कारण नागरिक तय तिथि तक भुगतान नहीं कर पाते, जिससे उन पर जुर्माना भी लग सकता है। इसके साथ ही विभाग को भी राजस्व की हानि होती है। पार्षद मोहित सिंगल ने स्पष्ट किया कि यदि बिल समय पर वितरित किए जाएं तो लोग भी समय रहते भुगतान कर सकेंगे।

### सट्टा खाईवाली करते एक गिरफ्तार किया

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए डडल पार्क क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान डडल पार्क निवासी महाबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3210 रुपये की नकदी व सट्टा पर्ची बरामद की है। थाना शहर हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि डडल पार्क के समीप एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महाबीर को गिरफ्तार कर लिया।

### ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा अभ्यास आज

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा पश्चिमी सीमा से सटे जिलों में 31 मई को ऑपरेशन शील्ड नामक नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया जाएगा। नगराधीश हरिराम ने बताया कि इससे पूर्व उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में 4 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में एक बैठक का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन शील्ड की यह दूसरी सिविल डिफेंस एक्सरसाइज है, जो 31 मई को शाम 5 बजे से जिले में शुरू होगी।

### सीएवी स्कूल बंद करने के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सीएवी स्कूल को बंद करने के विरोध में अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन दिया और मांग की कि प्रशासन इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके 12वीं तक एडमिशन करवाए ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो और स्टाफ का रोजगार भी बच पाए। इसके अलावा प्रशासन स्कूल का ऑडिट करे ताकि पता चल सके कि स्कूल के पैसे में कोई गड़बड़ी तो नहीं है। ज्ञापन देने वालों में पार्टी जिला सचिव दिनेश सिवाच, वरिष्ठ नेत्री शकुंतला जाखड़, नरेश गौतम, सुरेश गिरधर, चन्दगी राम, शांति देवी आदि उपस्थित थे।

### मोबाइल छीनकर भागने वाला बदमाश काबू

**हिसार।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे एक यात्री को बदमाश ने मोबाइल फोन छीन लिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाई और कुछ ही दूरी पर बदमाश को काबू कर लिया। इस मामले में रेलवे थाना पुलिस ने गांव सलेमगढ़ के राहुल की शिकायत पर अलवर के विकास के खिलाफ छीनाझपटी का केस दर्ज किया है।

---

अबर्न एस्टेट में रहने वाले दंपति ने लगाया आरोप, बैंक में हुई गड़बड़ी

# एसबीआई के लॉकर से लगभग 15 तोले सोने के गहने गायब कर दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की एसबीआई की मुख्य शाखा के लॉकर से लगभग 12 से 15 तोले सोने के आभूषण रहस्यमय ढंग से गायब होने व बदले जाने का बड़ा मामला सामने आया है। लॉकर स्वामी ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस को दी है, वहीं बैंक का कहना है कि वे लॉकर किराए पर देते हैं, उसमें लॉकर स्वामी क्या रखता है या क्या निकालता है, उन्हें कोई जानकारी नहीं होती। ऐसे में अब यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आभूषण गायब हुए हैं या नहीं, हुए हैं तो कैसे हुए, कहां से हुए। मिली जानकारी के अनुसार अर्बन एस्टेट निवासी अशोक मेहता ने अर्बन एस्टेट पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में अशोक ने कहा है कि उन्होंने जाट कॉलेज के पास स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा में लॉकर ले रखा है और उसमें वे अपने आभूषण रखते हैं। शुक्रवार शाम को उनके घर में कोई कार्यक्रम होना था, जिसको देखते हुए वे 1.35 बजे लॉकर से अपनी पत्नी के आभूषण लेकर घर गए। कुछ देर बाद उनकी पत्नी ने बताया कि ये आभूषण उसके नहीं है। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। अशोक के अनुसार वे वापस बैंक में आए और शिकायत दी कि लॉकर में से उनके असल आभूषण की जगह दूसरे आभूषण रखे गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला का आरोप - हमारा सोना बदल दिया



घटना की जानकारी देती महिला।

बैंक में साथ आई अशोक की पत्नी ने बताया कि घर ले जाने के बाद उन्होंने आभूषण देते तो वे संदिग्ध लगे। उन्होंने बताया कि लॉकर में उन्होंने 6 अलग अलग प्रकार के टॉप्स रखे थे, जिनमें तीन टॉप्स गायब हैं। इसके अलावा एक चैन, पांच छह सोने की चूड़ियां गायब मिली। महिला के अनुसार जो सोना हम लॉकर से लेकर गए हैं, वो हमारा नहीं है, किसी ने बदला है। अब यह जांच के बाद पता चलेगा कि असली है या नकली।

#### कहीं सुरक्षित नहीं

मौके पर मौजूद लॉकर स्वामी अशोक मेहता, उसकी पत्नी व पुत्र ने घटना पर रोष जताते हुए कहा कि इस घटना ने सिद्ध कर दिया है कि सोने व चांदी के आभूषण न तो घर में सुरक्षित है और न ही बैंक में। घर में चोरियों आदि के भय से उन्होंने लॉकर लिया लेकिन यहां भी उनके साथ ये हेराफेरी हो गई।

#### जांच शुरू

अशोक मेहता ने बैंक के लॉकर में कथित रूप से सोने के आभूषण चोरी होने या बदले जाने की सूचना अर्बन एस्टेट पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि असल मामला क्या है। पुलिस ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से भी इस संबंध में बात की है।

#### बैंक अधिकारी बोले

### लॉकर में क्या रखते हैं हमें नहीं होती जानकारी

एसबीआई बैंक के अधिकारियों का कहना है कि वे लॉकर किराए पर देते हैं, जिसकी एक चाबी लॉकर लेने वाले के पास और दूसरी चाबी बैंक के पास होती है। जब लॉकर मालिक उसमें से कुछ निकालने या रखने आता है तो बैंक का कर्मचारी चाबी लेकर साथ जाता है और चाबी लगाने के बाद तुरंत वापस आ जाता है। अब लॉकर स्वामी ने उसमें सोना रखा है, चांदी रखा है या कुछ और रखा है, उसकी बैंक को कोई जानकारी नहीं होती। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष 2024 में लॉकर स्वामी ने अप्रैल में दो बार व अक्टूबर में दो बार विजीट की है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि उनके आभूषण किसी कार्यक्रम में उनके घर पर ही बदले गए हैं या कहीं और।

### बाइक सवार दो बदमाशों ने शोरूम के काउंटर पर पर्ची फेंक मांगी 50 लाख की चौथ

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्रीन वैली मार्केट स्थित हिसार निवासी दो बहनों के एक शोरूम के काउंटर पर गुरुवार की रात को पर्ची फेंक 50 लाख रुपये की चौथ मांगने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत शोरूम पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। शोरूम के काउंटर को संभालने वाली महिला सेल्स कर्मचारी मंजू शर्मा से पूछताछ कर शोरूम की सुरक्षा तथा किसी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए शोरूम के बाहर दो पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। बाइक पर सवार होकर आए दोनों बाइक सवार शोरूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस के अनुसार दिल्ली हिसार राजमार्ग पर स्थित ग्रीन वैली मार्केट स्थित टीक्युएस शोरूम है जिसकी मालकिन हिसार निवासी अंजू रानी और उनकी बहन हैं। इस मामले में पुलिस की जांच जारी है, आरोपियों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीम छापेमारी करने में लगी है।

---

# वन्य जीव प्रेमियों ने घायल नील गाय के बच्चे को शिकारी कुत्तों से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वन्य जीव प्रेमियों ने नजदीकी गांव न्योली कलां के पास घायल नील गाय को बचाया है। शिकारी कुत्ते इस नील गाय के पीछे पड़े हुए थे और इसे घायल कर रखा था। वन्य जीव प्रेमी एवं अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के उप प्रधान विनोद खिलेरी ने बताया कि न्योली कलां रेलवे फाटक के पास रेलवे कर्मचारियों ने घायल नील गाय का बच्चा देखा तो उन्हें सूचना दी। रेलवे कर्मचारियों के अलावा जसवीर कुलड़िया, फौजी, जयवीर धानक, जाखोद ने नील गाय के बच्चे को शिकारी कुत्तों से बचाया। विनोद खिलेरी ने मौके पर पहुंचकर वाइल्डलाइफ से इंस्पेक्टर दिनेश जांगड़ा को बुलाया। वे तुरंत एंबुलेंस लेकर पहुंचे और घायल बच्चे को डियर पार्क भिजवाया गया। इस मौके पर राजू गोदारा मल्लापुर सहित अन्य जीव प्रेमी मौजूद रहे।



**हिसार।** घायल नील गाय के बच्चे के साथ जीव प्रेमी।

---

सहपाठी द्वारा हत्या का मामला

## छात्र दीक्षित का हुआ पोस्टरमार्टम आरोपी को करनाल भेजा गया

**हिसार।** न्यू मस्तनाथ कॉलोनी निवासी दसवीं कक्षा के छात्र दीक्षित की पूर्व क्लासमेट द्वारा गोली मारकर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। उधर, आरोपी किशोर को जुनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश करने के बाद गुरुवार अर्धरात्रि को ही निरीक्षण घर करनाल में भेज दिया गया है। बता दें कि मूल गांव चरखी दादरी जिले के गांव जिंझर गांव के रहने वाले और सेना से नायक के पद से सेवानिवृत्त प्रकाश अपने परिवार के साथ सैनिक छावनी के सामने न्यू मस्तनाथ कॉलोनी में रहते है। प्रकाश को बेटा दीक्षित एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार की सुबह दीक्षित दूध लेने के लिए भेजा था। दीक्षित स्कूटी लेकर दूध लेने निकला था। इस दौरान सातरोड़ स्टेशन के लोडिंग प्वाइंट के पास बैठे दीक्षित के पूर्व क्लासमेट ने बंदूक से दो फायर करते हुए उसकी हत्या कर दी थी।

दो युवकों पर वारदात का आरोप

## गांव गुराना में ठेके पर देर रात शराब को लेकर हुआ झगड़ा

**नारनौंद।** गांव गुराना में शराब के ठेके पर देर रात झगड़ा हो गया। मौके पर भारी पुलिस बल के थाना प्रभारी बलवान सिंह पहुंचे। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। गांव गुराना में डाटा निवासी सुरेश का शराब का ठेका है। ठेके पर वीरवार की देर रात को शराब की बोतल के रेट को लेकर ठेके पर अज्ञात युवकों के साथ झगड़ा हो गया था। अफवाह ये फैली कि ठेके पर फायरिंग भी हुई हैं। झगड़े की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बलवान सिंह व खेड़ी चोपटा पुलिस चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही हैं। करीब छह महीने पहले भी इसी ठेके पर गुराना गांव के दो युवकों ने सेल्समैन पर गोली चला दी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि शराब के ठेके पर झगड़े की सूचना मिली थी। तुरंत प्रभाव से पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं। गोली चलने की अभी तक कोई बात सामने नहीं आई है।

---

# विदेश भेजने के नाम पर कापड़ों के युवक से ठगी, कंपनी के डायरेक्टर सहित 16 पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

विदेश भेजने के नाम पर कापड़ों गांव के एक युवक के साथ पंजाब की एक कंपनी के डायरेक्टर ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से की तो उन्होंने पुलिस को आदेश दिए की तुरंत प्रभाव इस पर कार्रवाई की जाए और जो इस मामले में आरोपित है उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस मामले में रुद्राक्ष कंपनी के डायरेक्टर सहित 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। कंपनी का डायरेक्टर राकेश किसी अन्य मामले में धोखाधड़ी के आरोप में जेल में बंद है। कापड़ों निवासी वीरेंद्र ने बताया कि वह अपने बेटे विशेष को वर्क वीजा पर कनाडा भेजना चाहता था। इसके लिए एक विज्ञापन के जरिए पंजाब के मोहाली एक युवक राजेश से संपर्क किया। उसने कहा कि मोहाली में हमारे ऑफिस में आ जाना।

### कनाड़ा के लिए 11 लाख रुपये में तय हुई बात

वीरेंद्र ने बताया कि हम 18 अप्रैल 2024 को मोहाली कार्यालय में चले गए। वहां पर उसने बताया कि पहले वर्ष के लिए साढ़े 16 लाख रुपये लगेंगे। बातचीत 11 लाख रुपये में तय हो गई। उसी दिन हमने उनको तीन लाख नकद व एक लाख रुपये आरटीजीएस उनके द्वारा दिए खाते में कर दिए गए। 10 मई को फिर साढ़े तीन लाख रुपये नकद और साढ़े तीन लाख रुपये उनके खाते में आरटीजीएस कर दिए गए। उन्होंने हमारे सभी कागजात पासपोर्ट, एक कैंसिल चैक भी ले लिया और कहा कि जल्द ही आपके बेटे विशेष को कनाडा भेज दिया जाएगा। तीन महीने का समय हो गया वह टालते रही फिर उसके बाद हम उनके कार्यालय मोहाली पहुंचे तो वहां पर काफी लोग नारेबाजी कर रहे थे कि इन्होंने हमारे साथ ठगी करके लूटने का काम किया है। यह नजारा देखते ही मैं भी समझ गया कि हम भी उनकी ठगी के शिकार हो चुके हैं।

### इन लोगों के खिलाफ होगी जांच

पुलिस ने वीरेंद्र की शिकायत पर पंजाब के मोहाली निवासी राकेश, कंपनी के कर्मचारी नविता, ममता, रनू, बलविंदर, गुरप्रीत, एकता, राकेश की पत्नी प्रभा, गगनदीप, इंद्रजीत, अमित शर्मा, विजय तिवारी, दिलप्रीत, हरप्रीत, रमनदीप, रोहित शर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जल्द होगी गिरफ्तारी

विदेश भेजने के नाम पर कापड़ों गांव के युवक के साथ ठगी करने के मामले में 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

*-बलवान सिंह, थाना प्रभारी।*

---

पुलिस की क्यूआर टीम ने चलाया विशेष अभियान

# पटाखे बजाने वालों पर शिकंजा, एक महीने में 55 बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। शुक्रवार को पुलिस की क्यूआरटी टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने पर मोटरसाइकिल चालक का मोटर वाहन अधिनियम के तहत 35 हजार रुपये का चालान किया है। बता दें कि पुलिस ने पिछले एक माह में 55 बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान कर पटाखे वाले साइलेंसर हटवाए गए। इस अभियान के तहत पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने और पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिल पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले वाले मार्गों में बुलेट के पटाखे के कारण आमजन को परेशानी होती है। सहायक उप निरीक्षक बनवारी ने बताया कि क्यूआरटी टीम ने एफसी कॉलेज के सामने से बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा पटाखे की आवाज निकालने पर 35 हजार का चालान किया।



**हिसार।** चालान करते पुलिस कर्मचारी।

### 32 हजार का चालान बुलेट इंपाउंड

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल से गोली जैसी आवाज निकाल कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान चलाए के तहत शुक्रवार दोपहर बाद एक बुलेट मोटरसाइकिल का 32 हजार रुपये का चालान करके उसे इम्पाउंड किया गया है। किला बाजार चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर रमेश ने बताया की वह लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक के पास बुलेट मोटरसाइकिल की जांच की तो उसके सलेंसर से गोली जैसी आवाज निकालने पर, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट व ट्रिपल राइडर्स सहित 19 प्रकार की अनियमिताओं के 32 हजार रुपए का चालान करके मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर दिया।

---


सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है

NO SMOKING
NO TOBACCO

31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

जनहित में जारी | हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हरिभूमि द्वारा ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, हिसार पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।

सौजन्य से

OSGU OM STERLING GLOBAL UNIVERSITY (APPROVED BY UGC, MINISTRY OF EDUCATION, GOVT. OF INDIA)

SUKHDA MULTISPECIALITY HOSPITAL — Quality healthcare at affordable cost — Delhi Road, Hisar 9996544005

SMART SKILL COLLEGE — Call Now: 83970 29628 — Cop. Office : #161, Housing Board Colony, Delhi-Sirsa Road, Hisar-125001 HR

हिसार का Joint Replacement & Sports Injury का सबसे पुराना हस्पताल — ARORA ORTHOPAEDIC HOSPITAL — DR. ASHOK ARORA D. ORTHO M.S. (Ortho) — DR MRIDUL ARORA MS (Ortho), SICOT Fellow (UK) FIAP & FISM (Europe) — BARWALA ROAD, HISAR. M. 9812040141, 9350891620

स्थापित - 1936 — 3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में — सर्वेसन्तु निरामया: — डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल — ऑप्रेशन से बचें — गुर्दे की पत्थरी का सम्पूर्ण समाधान दवाईयों द्वारा — मोहल्ला सैनियान, हिसार, 9896004939

अमृत हस्पताल — डॉ. नरेन्द्र गुप्ता M.B.B.S., MD (PSYCHIATRIST) दिमाग, नशा, मानसिक व सैक्स रोग विशेषज्ञ — 1481, मार्किट कमेटी के सामने, नई अनाज मंडी, गेट नं. 1, सिरसा रोड, हिसार — Mob 89500-78993, 98960-92977

MANAV INSTITUTE OF PHARMACY — Approved by PCI, Affiliated to UHSR, HSBTE Panchkula — B.PHARMACY | B.PHARMACY (LEET) | D.PHARMACY — B.Tech./M.Tech./BCA/B.Ed/JBT — Bachelor in Agriculture/Diploma in Agri. — Mob. 89013-58145, 94668-62228 — JEVRA, BARWALA ROAD, HISAR

सत्यम् — DR. MAHAJAN'S FAMILY-CARE HOSPITAL — Near Budhla Sant Mandir, Rishi Nagar, HISAR - 125001 — Ph.: 01662-226332, 8684824332

RUN BY KHALSA HOSPITAL MANAGEMENT — CHURAMANI HOSPITAL — CAMP CHOWK, HISAR — Contact: 9812217322, 9896554555

aadhar HEALTH INSTITUTE — Tosham Road, Hisar -125005, Haryana — +91 97299 13333 /aadharhospitalhisar

MALIK TOYOTA — HISAR 9996788880 — FATEHABAD 8572888830 — SIRSA 85728-88880 — HANSI 9053788831 — TOHANA 9996788839 — DABWALI 8572888805

ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।

ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।



## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोट्र्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है। इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी



## किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

## ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

## अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

## जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इम्प्लिमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीऐ कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

## जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

## सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

## स्टडी मैटीरियल


कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरयल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

## प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिस्प्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

## अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

## असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे** : जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें** : आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

**उत्तर** 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाल एक गिरफ्तार किया

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए डडल पार्क क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान डडल पार्क निवासी महाबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3210 रुपये की नकदी व सट्टा पर्ची बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना शहर हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि डडल पार्क के समीप एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर डडल पार्क निवासी महाबीर को 3210 रुपये सहित गिरफ्तार कर लिया।

### आज से शुरू होगा बंदर पकड़ने का कार्य

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बंदर पकड़ने के कार्य की शुरुआत शनिवार को सुबह आजाद नगर से की जाएगी। इसकी शुरुआत मेयर प्रवीण पोपली करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व बंदर पकड़ने वाली एजेंसी के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि बंदर पकड़ने के लिए लगभग 5 से 6 टीमें एजेंसी के द्वारा लगाई गई है। जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि एंजेसी का एक वर्ष के लिए बंदर पकड़ने का कार्य दिया गया है।

### स्थानांतरण पर सम्मान समारोह का आयोजन

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में शुक्रवार को एक्सईएन संदीप सिहाग के गुरुग्राम स्थानांतरण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निगमायुक्त नीरज सहित सभी अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर एक्सईएन संदीप सिहाग को सम्मानित किया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन जयबीर डूडी, सीनियर अकाउंट ऑफिसर अशोक नेहरा, एसओ राधेश्याम, एमई अमित बेरवाल, एमई संदीप बेनीवाल, एई सुमित कुमार, जेई संदीप काजल मौजूद रहे।

### जीवन एक उत्सव पर ध्यान सत्र एक जून को

**हिसार।** सतगुरु ओशो की देशनाओं के प्रति समर्पित ओशो ध्यान उपवन में 1 जून को जीवन एक उत्सव पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में जीवन को कैसे उत्सव में तब्दील किया जा सकता है, इस विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके साथ ही ध्यान की सरल विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। स्वामी संजय ने बताया कि जीवन को उत्सव में बदलने के लिए अपने आप को प्रभु को समर्पित कर देना चाहिए।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**हिसार।** नलवा से भाजपा विधायक रणधीर पनिहार ने नवदीप कालोनी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कॉलोनी में करीब 40 लाख रुपये की लागत से कई गलियों का निर्माण किया जाएगा, जिनके कार्यों की आज विधायक ने विधिवत शुरूआत की। रणधीर पनिहार ने बताया कि नलवा हलके के चहुंमुखी विकास के लिए वे निरंतर दृढ़ संकल्पित हैं। इस दौरान वार्ड 18 से भाजपा पार्षद गुलाब धानक, वार्ड 19 से कांग्रेस पार्षद सत्यवान पानु, पूर्व डिप्टी मेयर जयवीर गुर्जर, भगत सिंह लौरा मौजूद रहे।

### अवैध पिस्तोल सहित एक युवक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने चुली बागड़ियान दड़ौली रोड से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तोल बरामद किया है। एएसआई रोहतास सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव चुली बागड़ियां दड़ौली रोड से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम चुली बागड़ियान निवासी कैलाश उर्फ कुकी बताया। तलाशी लेने पर कैलाश उर्फ कुकी के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ।

---

### शिक्षा और नवाचार आधारित शोध में सहयोग मिलेगा

# हकृवि व हकेवि के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान को लेकर समझौता

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि यह समझौता विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कृषि समुदाय के लिए लाभदायक साबित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों संस्थाओं के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि यह समझौता प्रदेश और देश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार आधारित शोध में सहयोग प्रदान करेगा। यह सहभागिता हरियाणा राज्य के शिक्षा एवं अनुसंधान परिदृश्य को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा छात्रों और शोधार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वारा खोलेगी। उन्होंने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय समझौते के अंतर्गत सांझा अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र एवं फैकल्टी आदान-प्रदान, संयुक्त कार्य शालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमो का आयोजन करेंगे। साथ ही दोनों संस्थान कृषि, पर्यावरणीय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में परस्पर सहयोग से अनुसंधान को गति देंगे। यह समझौता विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कृषि समुदाय के लिए लाभदायक साबित होगा। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता एक दूरदर्शी शैक्षणिक साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने इस इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देने वाला बताया।


**हिसार।** समझौता ज्ञापन के समय कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार अधिकारियों के साथ।

#### इन्होंने किए हस्ताक्षर

समझौता ज्ञापन पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार व स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व निदेशक आईक्यूएसी प्रो. सुरेंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. अनुराग, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. योगेश जिंदल व डॉ. जितेंद्र भाटिया उपस्थित रहे।


**हिसार।** एमओयू के अवसर पर हाइब्रिड मोड में आयोजित समारोह में उपस्थित गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं विश्वविद्यालय के अधिकारीगण।

### गुजवि ने बीआर ग्रुप, डेनमार्क के साथ किया एमओयू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और बीआर ग्रुप, डेनमार्क के बीच हाइब्रिड मोड में आयोजित एक समारोह में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ है। गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने और बीआर ग्रुप, डेनमार्क की ओर से संस्थापक एवं सीईओ डॉ. बलवंत राय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजविप्रौवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह, बीआर ग्रुप की इंटरनेशनल कमेटी के प्रमुख डॉ. पॉल डी. सलोवे तथा उपाध्यक्ष एवं सह-संस्थापक डॉ. जसदीप कौर ने गवाह के रूप में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर गुजविप्रौवि की ओर से प्रो. संदीप आर्य, प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. सुनील शर्मा व प्रो. कर्मपाल नरवाल तथा बीआर ग्रुप की ओर से सलाहकार डा. रजनीश के. जैन व निदेशक हरभजन सिंह भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा। इस एमओयू के माध्यम से गुजविप्रौवि तथा बीआर ग्रुप के आपसी सहयोग से चिकित्सा उपकरणों, निदान और वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। बीआर ग्रुप के अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ. बलवंत राय ने कहा कि बीआर ग्रुप नए चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के विकास में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त अग्रणी संस्थान है। उन्होंने भी खुशी व्यक्त की और कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के लिए बेहद फायदेमंद है।

---

# लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ी छाए


**हिसार।** जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विभिन्न पदक जीतने वाले खिलाड़ी लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी के कोचों के साथ प्रसन्न मुद्रा में। *फोटो :हरिभूमि*

- अब रोहतक में 4 जून से होने वाली स्टेट चैंपियनशिप की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हाल ही में आयोजित चौथी जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर न केवल पदक जीते, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया। खिलाडिय़ों ने तकनीक, फिटनेस और आत्मविश्वास के दम पर यह दिखा दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही कोचिंग से हर सपना साकार किया जा सकता है।

पदक जीतने वाले खिलाडिय़ों में निपुण व नैतिक राणा ने स्वर्ण पदक, आलिशा, यशिका, हिमानी (हिना) ने रजत पदक व साहिल, अनुज, समीर, दिव्या व प्रिंस ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच सतीश कुमार ने बताया कि इन खिलाडिय़ों ने प्रतिदिन कड़ी मेहनत करते हुए सुबह-शाम की ट्रेनिंग, समय पर डाइट और मोबाइल फोन से दूरी जैसे कठोर नियमों का पालन किया। इन खिलाड़ियों का अगला लक्ष्य स्टेट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। सभी खिलाड़ी 4 जून से 7 जून तक रोहतक में आयोजित होने वाली स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। वहां ये खिलाड़ी हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एकेडमी को पूर्ण विश्वास है कि ये युवा वहां भी अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखेंगे और प्रदेश स्तर पर भी मेडल जीतकर अपना व एकडेमी का नाम चमकाएंगे। कोच सतीश कुमार, अमित कुमार और सुशीला टोकस ने सभी विजेता खिलाडिय़ों और उनके माता-पिता को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

उन्होंने लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी हिसार व यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन में उत्कृष्ट भूमिका निभाई और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान किया। इन कोचों ने कहा कि रविंद्र पन्नू, भगत सिंह लौरा, अजमेर पन्नू, एडवोकेट मनोज कुश, व सुनील राणा की प्रेरणा से खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया।

---

# प्रौद्योगिकी के माध्यम स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे बदलाव : डॉ. मीनाक्षी प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, फार्मास्युटिकल और एप्लाइड साइंसेज के साथ समन्वय विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य, फार्मास्युटिकल और व्यावहारिक विज्ञान के क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकी प्रगति और उनके अनुप्रयोगों पर विचार-विमर्श करना था।

नेशनल टेक्नोलॉजी डे के उपलक्ष में विश्वविद्यालय प्रांगण में इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस के लिए विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ पूनम गोयल ने शुभकामनाएं दी। इसी के साथ उन्होंने शोध और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी प्रसाद, साइंटिस्ट ई, आईसीएआर-एनआरसीई प्रोफेसर और पूर्व एचओडी, लुवास, हिसार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य और संबंधित क्षेत्रों में हो रहे नए बदलावों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राहुल तनेजा, साइंटिस्ट आईपीआर, निदेशालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, प्रदेश सरकार उपस्थित रहे।



**हिसार।** प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### आंखों और दातों की देखभाल जरूरी: संतोष

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में दंत एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। सोशल वेलफेयर सोसाइटी तथा कैंपस स्कूल द्वारा लगाए गए इस शिविर का शुभारंभ स्कूल की निदेशका संतोष कुमारी ने किया। संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें अपने दांतों एवं आंखों की देखभाल करनी चाहिए। दांतों की नियमित रूप से सुबह-शाम सफाई करनी चाहिए। सफाई के दौरान नरम ब्रश का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि खान-पान पर ध्यान रखें और ज्यादा मीठे पदार्थों के सेवन से बचें। समय-समय पर अपने दांतों की चिकित्सक से जांच करवाएं। चिकित्सकों ने दांतों की सफाई भी की।

# आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस में शिक्षा की बेहतरी के सुझाव रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस स्कूल में कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस हार्बिंजर लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से प्राचार्य ने शामिल होकर शिक्षा में सुधार को लेकर नई बातों को ग्रहण किया, वहीं शिक्षण को ओर बेहतर बनाने को लेकर अपने सुझाव सांझा किए। शैक्षणिक, परीक्षा, भाषा संर्वधन से लेकर सह-पाठ्यचर्या, नैतिक मूल्यों को विकसित करने और प्रत्येक छात्र में एक मजबूत व्यक्तिगत चरित्र का पोषण करने जैसे संवादों का आदान-प्रदान इस कार्यक्रम का हिस्सा रहा। कांफ्रेस में मुख्यवक्ता आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही।

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि समय के साथ-साथ शिक्षण कार्य में भी बदलाव आवश्यक है ताकि देश की भावी पीढ़ी समय के साथ आगे बढ़े और अपना लक्ष्य हासिल कर देश के नवनिर्माण में भी अपना अहम योगदान दे सकें। सीईओ इंजी. मनीष राव कहा कि समय के साथ-साथ हमें भी अपडेट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जीवनभर सीखता है। इसी प्रकार से शिक्षण कार्य को समय के अनुसार ओर बेहतर बनाने के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से हो।



**महेंद्रगढ़।** कोहेशन इंटरनेशनल कांफ्रेस में मौजूद प्राचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

# बीड़ बबरान धाम में हथेली पर जगाई जोत देखने उमड़े लोग

- प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 6 जून तक चलेगा श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में चल रहे श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा द्वारा हथेली पर जगाई गई बाबा की ज्योति के दर्शनों के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। श्याम बाबा की आराधना करते हुए भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए ज्योति को जागृत किया गया है।

श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान रात्रि को आयोजित किए गए संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा के भजन सुनकर भक्तगण श्रद्धावश झूमने व नाचने लगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान 6 जून तक चलेगा। हथेली पर जागृत की गई ज्योति के दर्शन भक्तगण दिन या रात में किसी भी समय कर सकते हैं।


**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में अपने हाथ पर बाबा की ज्योति जागृत करते हुए।


**आदमपुर।** चंदननगर मार्ग का शिलान्यास करते विधायक चंद्रप्रकाश।

### विधायक चंद्रप्रकाश ने चंदननगर व खारिया में रास्तों के निर्माण का शिलान्यास किया

**आदमपुर।** विधायक चंद्रप्रकाश ने विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत विभिन्न मार्गों का शिलान्यास किया। उन्होंने चंदननगर व खारिया के रास्तों के निर्माण का विधिवत ढंग से शुभारंभ किया। आदमपुर हलके के गांव चंदननगर में जिले सिंह के घर से सरोज के घर तक आईपीबी गली के निर्माण पर 24.75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे और खारिया से पुराने खारिया प्राइमरी स्कूल तक आईपीबी रास्ते के निर्माण पर 24.91 लाख रुपये की लागत आएगी। चंदननगर में आयोजित किए गए शिलान्यास समारोह में चंदननगर के सपरंच वजीर सिंह एवं खारिया में शिलान्यास समारोह के अवसर पर सरपंच बलवान सिंह धायल सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मौजिज ग्रामवासी मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया। शेष समस्याओं के निदान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके उन्हें निर्देश दिए।

# महाराजा अरूट की जयंती पर बुजुर्गों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

अरोड़ा वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरुट जी के जन्मदिन पर पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रातः काल में प्रधान गुलशन आहूजा के नेतृत्व में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें समाज के लोगों ने हवन में आहुति डालकर महाराजा अरुट जी को याद किया। यीशु प्रांत इस उपरांत सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें श्री योग दरबार परमहंस के धर्म संचालक संत सुखदेव आनंद महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि महान संतों को याद करना और उनके जीवन से प्रेरणा लेना हमें ऊंचाइयों तक ले जाता है। महाराज जी ने कहा कि गुरु की कृपा जरूरी है, तभी 84 के चक्कर से मुक्ति मिल सकती है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा छोटी-छोटी संस्थाएं सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखे हुए तभी आज महाराजा अरुट जी को याद किया जा रहा है। हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि उन्होंने हिसार में भी महाराज अरुट जी स्वागत द्वार पास किया है। उकलाना में अगली बार आगमन हो तो इस स्वागत द्वार पर काम हो ऐसा उसके लिए उनका भाव रहेगा।


**हिसार।** बुजुर्गों को सम्मानित करते मेयर प्रवीण पोपली व सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा।

---

### चारधाम यात्रा के दृष्टिगत पुलिस ने किया नागरिकों को सचेत

# ऑनलाइन बुकिंग के समय फर्जी वेबसाइट से सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि चारधाम की यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। इसके लिए आमजन द्वारा विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से होटल, टूर पैकेज और हेलीकॉप्टर आदि की बुकिंग की जा रही है। आमजन साइबर ठगी से बचने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करते समय सावधानी बरतें क्योंकि साइबर ठग चारधाम यात्रा के लिए किसी भी तरह की ऑनलाइन बुकिंग करने वालों को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि साइबर ठग नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रोफाइल और वट्सअप अकाउंट के जरिए लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। आमजन चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर, गेस्ट हाउस, होटल बुकिंग, कैब, टैक्सी सर्विस बुकिंग, हॉलिडे पैकेज और धार्मिक टूर जैसी सेवाओं को ऑनलाइन बुक करवाते हैं।

साइबर ठग इन वेबसाइट्स के नकली वर्जन बनाकर लोगों के साथ ठगी रहे हैं। अगर कोई नागरिक इन ठगों की वेबसाइट से बुकिंग करवाता है, तो उसके अकाउंट से पैसे तो पूरे कट जाते हैं लेकिन बुकिंग का कन्फर्मेशन नहीं मिलता। साथ ही वहां किसी से संपर्क करने से जुड़ी कोई जानकारी भी नहीं मिलती।

#### इन बातों का ध्यान रखें लोग


शशांक कुमार सावन, एसपी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर नागरिक चारधाम यात्रा पर जा रहे हैं और किसी भी तरह की सर्विस को ऑनलाइन बुक करना चाहते हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। कभी भी किसी भी सेवा का भुगतान करने से पहले वेबसाइट को अच्छे से जांच लें, वेबसाइट का एड्रेस कंफर्म जरूर करें, वेबसाइट के पते में हल्का सा भी फर्क होने पर पेमेंट न करें, साइबर ठग ऑफिशियल वेबसाइट्स से मिलते-जुलते वेबसाइट पते पर ही ठगी का रैकेट चलाते हैं। पहले ऑफिशियल सोर्स से सही वेबसाइट का पता मालूम करें और फिर बुकिंग करें। गूगल, व्हाट्सऐप या फेसबुक पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। फिर भी अगर आपका सामना किसी नकली वेबसाइट से होता है या कोई साइबर ठगी हुई है तो बिना किसी देरी के उसकी शिकायत नेशनल साइबरक्राइम पोर्टल पर जाकर करें। फोन के जरिए शिकायत करने के लिए 1930 पर कॉल किया जा सकता है।

### अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने पांच बुजुर्गों को अयोध्या भेजा

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में तीसरी बार पांच बुजुर्गों को भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में रमेश भुटानी, सुषमा भुटानी, प्रियंका शर्मा, विनोद कुमार व सुनीता शामिल है। इससे पहले दो बार में 18 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा गया था। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहन द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। अयोध्या में इन सभी के लिये रहने, खाने-पीने व मंदिरों के दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई है।

**हरियाणा सरकार** **पुलिस जिलाः हांसी (हिसार)**

**आम सूचना**

ग्राम भाटला (थाना सदर हांसी) जिला हिसार में सामाजिक बहिष्कार के आरोप की जांच हेतू माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच दल के समक्ष जानकारी देने वाले इच्छुक व्यक्ति मोबाईल नंबर 8816870643 एवं 8814870643 पर अपना नाम, पता एवं आधार या वोटर कार्ड नंबर लिखवाये।

2. उनका बयान PWD गेस्ट हाउस हांसी नजदीक जाट धर्मशाला हांसी (हिसार) में दिनांक 03.06.2025 से दिनांक 05.06.2025 के बीच प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से लिखा जाएगा। बयान देने वाले व्यक्ति को अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड साथ लाना होगा।

हस्ता/-उप पुलिस अधीक्षक, हांसी
नोडल अधिकारी

# कबाड़ के पास रखी शहीद मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा, मचा बवाल

## शिकायत करने गए शहरवासियों के समक्ष निगम आयुक्त ने जताया रोष

रेड स्क्वेयर मार्केट में लगी प्रतिमा का मामला हंगामे के बाद नगर निगम कमिश्नर ने पूरे मामले को सुलझाते हुए खेद प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के रेड स्क्वेयर मार्केट में लगी शहीद मदन लाल ढींगड़ा की प्रतिमा को उखाड़कर नगर निगम के कबाड़ में फेंकने व उसका अनादर किए जाने का मामला सामने आया है। जब शहरवासियों व समिति से जुड़े लोगों ने इसकी शिकायत करते हुए आपत्ति जताई तो नगर निगम आयुक्त को खेद जताना पड़ा। खास बात यह है कि निगम के कबाड़ के पास जहां शहीद की प्रतिमा रखी गई, उसी के साथ ही शौचालय बना हुआ है, जिस पर समाज ने रोष जताया है। इसी के विरोधस्वरूप शहीदी मदन लाल ढींगड़ा पार्क विकास समिति शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त से मिली।

लोगों के रोष को देखते हुए आयुक्त ने पूरे मामले पर खेद जताते हुए कर्मचारियों को आदेश दिए कि शहीद की प्रतिमा को सम्मान पूर्वक कहीं ओर रखा जाए।

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आए तूफान के कारण शहीद मदन लाल ढींगरा की प्रतिमा पर लगा पोल गिर गया था, जिस कारण मूर्ति खंडित हो गई थी। समिति कई दिनों से इसको लेकर नगर निगम से शिकायत कर रही थी। गुरुवार रात को अचानक मूर्ति को नगर निगम ने उठवा दिया। समिति के सदस्यों को जब पता चला कि चौक से प्रतिमा गायब हो गई तो उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। करीब दो घंटे तक पुलिस व समिति सदस्य प्रतिमा को ढूंढते रहे, मगर बाद में पता चला कि नगर निगम ने मूर्ति को उठाया है।

नगर निगम कर्मचारियों द्वारा मूर्ति को कचरे में फेंकने के बाद बवाल और मच गया। मूर्ति को निगम ने कबाड़ व कचरे वाली जगह फेंक दिया था और इसे शौचालय के पास रख दिया। समिति के सदस्यों को पता चला तो उन्होंने इसको लेकर आपत्ति जताई व समाज के लोगों ने भी एतराज जताते हुए इसे शहीद का अपमान बताया। हंगामा मचने पर नगर निगम कमिश्नर ने समिति के सदस्यों को नगर निगम में मिलने के बुलाया और पूरे मामले को सुलझाते हुए खेद प्रकट करते हुए माफी मांगी और कहा कि मूर्ति को सम्मान दोबारा लगाया जाएगा।



हिसार। निगम में कबाड़ के ढेर के पास पड़ी शहीद की प्रतिमा। फोटो : हरिभूमि



हिसार। विरोध के बाद शहीद की प्रतिमा को उठाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### खंडित मूर्ति एक्सपर्ट को दिखाई जाएगी

शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क विकास समिति के प्रधान गगन ओबराय ने बताया कि प्रतिमा को लेकर निगम आयुक्त से मुलाकात हुई है। उनकी तरफ से सकारात्मक जवाब मिला है। उन्होंने पूरे मामले में अपनी तरफ से खेद व्यक्त करते हुए ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की बात कही है। मूर्ति को ससम्मान दूसरी जगह रखवा दिया गया है। प्रतिमा खंडित हो चुकी है तो इसको एक्सपर्ट को दिखाया जाएगा, अगर यह सही हो सकती है तो ठीक है नहीं तो दूसरी मूर्ति उसी जगह पर स्थापित कर दी जाएगी।

### क्रांतिमान पार्क में लगे प्रतिमा

पूर्व पार्षद एवं समिति के सदस्य पंकज दीवान ने निगमायुक्त से शहीदों की प्रतिमा को हटाकर क्रांतिमान पार्क में स्थापित करने और शहर के चौक-चौराहों को चंडीगढ़ की तर्ज पर चौड़ा बनाने की मांग की है ताकि ट्रैफिक की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल सके। पंकज दीवान ने कहा कि पिछले कार्यकाल में उन्होंने नगर निगम की हाउस की मीटिंग में प्रस्ताव रखा था कि मूर्तियों को हटाकर एक जगह स्थापित किया जाए और उनका सही तरीके से रखरखाव किया जाए क्योंकि साल में दो बार ही प्रतिमाओं की सफाई हो पाती है। हाउस में यह प्रस्ताव भी हो चुका है। इस पर आयुक्त ने कहा कि वह इस पर गौर करेंगे।

# ज्योतिषी गुरु अवार्ड से नवाजे गए योगी सहजानन्द



हिसार। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते स्पिरिचुअल गुरु योगी सहजानंद सरस्वती।

- दक्षिण की द्वारिका में हुआ कार्यक्रम, योगी बोले- ज्योतिष वेदों का नेत्र है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

केरल राज्य में प्रसिद्ध भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के मंदिर अर्थात दक्षिण की द्वारिका कहे जाने वाले गुरुवायुर शहर के समीप इको गार्डन रिसॉर्ट में एकदिवसीय एस्ट्रोलॉजिकल, स्पिरिचुअल एंड सनातन सभा मीट 2025 विषयक कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। इंटरनेशनल वैदिक एस्ट्रोलॉजी फेडरेशन (आईवीएएफ) द्वारा आयोजित इस एकदिवसीय कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक ज्योतिर्विदों, वास्तुविदों आदि ने शिरकत की। ज्योतिष तांत्रिक वेदी द्वारा प्रायोजित इस कॉन्फ्रेंस में ज्योतिषियों को विभिन्न पदवियों के साथ अलंकरण अवार्ड आदि भी प्रदान किए गए। श्रीगणेश वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में सभी का स्वागत आईवीएएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर दिव्या पिल्लई हरीश ने किया। कांफ्रेंस में स्पिरिचुअल गुरु योगी सहजानंद सरस्वती को ज्योतिष गुरु अवार्ड से नवाजा गया।

### कई ज्योतिषी किसी चिप से टोटके वगैरह करने लगे

योगी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में कई ज्योतिषी किसी चिप या ऐसे माध्यम से टोटके वगैरह करने लगे हैं, जिस पर भी रोक लगानी आवश्यक हैं, क्योंकि ये सभी प्रक्रियाएं वैदिक और आध्यात्मिक संस्कृति के अनुसार ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना को आगे बढ़कर ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही योगी सहजानंदजी ने वेदोक्त, शास्त्रोक्त जीवन यापन में खान-पान व रहन-सहन को दीर्घायु और सहज जीवन के लिए जरूरी बताया।

इस अवसर पर योगी सजनानंद सरस्वती ने कहा कि मृत्युंजय मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र की अपार महिमा को उल्लेखित किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिष को वेदों का नेत्र कहा गया है। आने वाले समय में हमें ज्योतिष के क्षेत्र में तेज गति से शोध करने की आवश्यकता है क्योंकि जो जातक चन्द्रमा या मंगल ग्रह पर पैदा हुए, उनका होरोस्कॉप व लॉगीट्यूट लैटीट्यूट चेंज होंगे तो गणनाएं तेजी से बदलेंगी।

## खबर संक्षेप

### सांसद की अभद्र टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

**हिसार।** जिला महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को भाजपा सांसद द्वारा शहीदों की पत्नियों और बहनों के प्रति की गई की अभद्र, असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष जून ने उपायुक्त अनीश यादव से भेंट कर, उन्हें इस मामले में कार्रवाई के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सुलोचना जाखड़, सरोज शयोरान, जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव शकुंतला जाखड़, कमलेश राय, विमला तरड, सुमन, कृष्णा सातरोड, शांति, कुसुम, नीलम सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### निहाल सिंह सेवादार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**आदमपुर।** आदमपुर तहसील में कार्यरत सेवादार निहाल सिंह की सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को तहसील कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रामनिवास भादू ने निहाल सिंह के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें भी निहाल सिंह की तरह ईमानदारी, लग्न व मेहनत के साथ अपना कार्य करना चाहिए। तहसीलदार ने निहाल सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, विनोद यादव, वजीर ज्याणी, सुंदर, राधेश्याम, परमानंद, कैलाश एडवोकेट, पवन एडवोकेट, मदन एडवोकेट, सहित अनेक स्टाफ सदस्य पटवारी उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में बच्चों के लिए शिविर कल से

**हिसार।** श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर 2 जवाहर नगर में ग्रीष्म अवकाश के अवसर पर पहली जून से 30 जून तक मंदिर प्रांगण में विशाल आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी ने बताया कि पांच से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिये आयोजित यह शिविर रोजाना सायंकाल 4 बजे से साढ़े 5 बजे तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ पहले दिन शिक्षाविद एच.के.शर्मा करेंगे। शिविर के मुख्य आकर्षण बताते हुए प्रधान इन्द्रचंद राठी ने बताया कि डेढ़ घंटे के दौरान बच्चों में पूजा-पाठ की विधि बताना, पारिवारिक संस्कार सिखाना, प्रातः स्मरणीय श्लोक, मंत्र माला जप विधि, स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाने पर जोर दिया जाएगा। शिविर के मुख्य वक्ता विद्वान भगवत प्रसाद शास्त्री होंगे।

### विधायक ने वाटर वर्क्स व बूस्टिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

**आदमपुर।** विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के मॉडल टाउन में स्थित वाटर वर्क्स और शिव कॉलोनी के बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करके मॉडल टाउन के वाटर वर्क्स की खराब मोटर्स को ठीक करवाने या उन्हें बदलने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही शिव कॉलोनी के बूस्टिंग स्टेशन को भी तुरंत प्रभाव से शुरू करने की बात कही। विधायक चंद्रप्रकाश ने चौधरी अस्पताल के संचालक डॉ. सतीश मील व आदमपुर गांव के पूर्व सरपंच हनुमान ज्याणी के आवास पर आयोजित जलपान कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

### दिव्यांग केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 31 मई को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा फिजियोथेरेपी, दांतों व आंखों की जांच निशुल्क की जाएगी। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जारी रहेगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन, कोषाध्यक्ष जगमोहन जिंदल व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलेगी, उनका नेत्र ऑपरेशन 6 जून को शिविर में निशुल्क किया जाएगा।

### प्रतिदिन अवैध रूप से काटे जा रहे सैकड़ों पेड़, रोक लगाने की मांग

**हिसार।** अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने हरियाणा एवं राजस्थान के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर प्रतिदिन अवैध रूप से पेड़ काटे जाने व उनके परिवहन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। सभा ने अपने पत्र के साथ वीडियो व फोटो भी भेजे हैं। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के हिसार जिला प्रधान एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण, अनिल भांभू एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस संबंध में हरियाणा एवं राजस्थान के मुख्यमंत्रियों को ये पत्र भेजे है। पत्र में हवाला दिया गया है कि गत 27 मई को प्रातः 7 बजे सिवानी मंडी में एक पर्यावरण प्रेमी द्वारा लिए गए वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि गुरेरा सड़क की ओर से 9 पिकअप गाड़ियां खेजड़ी एवं अन्य पेड़ों की कटी लकड़ियां लेकर हरियाणा (विशेषकर भिवानी, रेवाड़ी क्षेत्रों) की ओर जा रही हैं। गुरेरा गांव राजस्थान की सीमा पर स्थित है। यह दृश्य एक दिन का नहीं, बल्कि प्रतिदिन का है, सैकड़ों गाड़ियां रोजाना खुलेआम आ-जा रही हैं। पत्र के अनुसार लकड़ियां ले जाने वाली ये गाड़ियां सिवानी से तोशाम की ओर जा रही थीं और स्थानीय नागरिकों की माने तो ये गाड़ियां पीछे गुरेरा क्षेत्र और पीछे राजस्थान से आई थीं।

# भाजपा हर मोर्चे पर विफल, बढ़ रही है बेरोजगारी : कसवां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व उपप्रधान विनोद कसवां को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यालय में विनोद कसवां का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रभारी विनोद कसवां ने कहा कि पिछले 10 साल 8 महीने से भाजपा की सरकार है और भाजपा हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। आज हरियाणा में 40 प्रतिशत बेरोजगारी दर है, महिलाओं, छात्रों, युवाओं, शोषितों, दलितों पर अत्याचार में हरियाणा पहले नंबर पर है। आज विपक्ष नाम की चीज नहीं है। इस मौके पर इनेलो छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष साहिलदीप कसवां, इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह काजला, इनेलो लीगल सेल जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप सिंह बाजिया, नलवा हल्का प्रधान तेलूराम सरपंच, इनेलो कार्यालय सचिव बलबीर सिहाग आदि मौजूद रहे।



हिसार। विनोद कसवां का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।

# ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में सीपीयू टीम ने मारी बाजी, सम्मानित किया

- होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया टेक्नोलॉजी डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नेशनल टेक्नोलॉजी डे के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में सीपीयू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस टीम में नवल, जयंत, मायरा, मीनाक्षी, यक्षित, दक्ष पानू, रिशु और रिशिका शामिल थे। इसी प्रतियोगिता में मेमोरी टीम के सदस्य जयंत पूनिया, निशांत, दीपांशी, गुंजन, भावना, पायल, अर्पिता और दानिका ने भी उल्लेखनीय तकनीकी कौशल का परिचय दिया। आइडिया इग्निशन प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के भावेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज, अदिति, मिलिंट और अनुराग को द्वितीय स्थान मिला। वहीं याशिका ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई।



हिसार। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

# बाबा बंदा बहादुर स्कूल में फन फेयर एंड फूड कार्निवल हुआ



हांसी। फन डे कार्निवल में इंजाय करती छात्राएं।

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बड़े उत्साह और उमंग के साथ फन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल जैसे पिज्जा, बर्गर, मैगी, आइसक्रीम, गोलगप्पे, चाट, सैंडविच, खेल व डीजे पर डांस का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए स्टॉल पर खाद्य सामग्री विक्रेताओं में काफी जोश देखने को मिला। फन फेयर का मुख्य आकर्षण मिकी माउस ट्रामपोलिन रहा। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में ग्रीष्मावकाश पर जाने से पहले नई ऊर्जा भरना है ताकि वे ग्रीष्मावकाश के दौरान अपनी दिनचर्या न बदले। आलस्य त्याग कर वे एक समय सारणी बनाकर उसके अनुसार सभी कार्य करें।





हिसार। जल संरक्षण को लेकर रैली निकालते स्कूली छात्र।

### स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर नागरिकों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**हिसार।** जल संरक्षण के महत्व को लेकर खंड अग्रोहा के गांव किराड़ा और खंड नारनौंद के गांव राखी खास में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन किया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि गांव किराड़ा के मिडिल स्कूल में जल संरक्षण रैली का आयोजन बीआरसी सुभाष चंद्र तथा खंड नारनौंद के गांव राखी खास के मिडिल स्कूल में बीआरसी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों के बीच जल संरक्षण विषय पर प्रतियोगिता करवाई गई। बीआरसी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जल की बर्बादी रोकने के लिए हमें अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि नहाने के लिए बाल्टी का प्रयोग करें और ब्रश करते समय मग का उपयोग करें।

# नगर निगम ने 23 बेसहारा पशुओं पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी है। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा शुक्रवार को नवदीप कॉलोनी, फ्रेंड्स एनक्लेव, शास्त्री नगर के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 23 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।



हिसार। सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य अधिकारी।

### गुजवि में शिक्षक व हिंदी अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एक शिक्षक व एक हिंदी अधिकारी सेवानिवृत हुए हैं। इन कर्मचारियों के सम्मान में विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में शुक्रवार को सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में भौतिकी विभाग के शिक्षक डा. डेविड जोसेफ तथा हिंदी अधिकारी मीनू रानी शामिल हैं। समारोह को गुजवि शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. सोमदत्त, गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान विपिन वधवा, प्रो. राजेन्द्र कुंडू, प्रो. आशीष अग्रवाल, प्रो. खुजान सिंह, प्रो. मनीष कुमार, प्रो. सुजाता सांघी, डॉ. विनोद गोयल व प्रो. केसी अरोड़ा, प्रो. कर्मपाल नरवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## इस्कॉन के भक्तों ने पूरे शहर में किया संकीर्तन का आयोजन

# श्री श्याम महोत्सव पर निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

- आज श्याम बाबा के जागरण में पहुंचेंगे कन्हैया मित्तल, हांसी में उमड़ेगा श्याम भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री श्याम मंदिर हांसी के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में पांचवें दिन भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई वहीं अंतराष्ट्रीय कृष्णा भावनामृत संघ (इस्कॉन) के द्वारा हरि नाम संकीर्तन भी पूरे शहर में किया गया। हरि नाम संकीर्तन में बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्तों के साथ हांसी के भक्त भी खूब झूमे। भगवान जगन्नाथ रथ की यात्रा में विशेष व्यवस्था की जाती है। भगवान जगन्नाथ की यात्रा श्री श्याम मंदिर से शुरू होकर दिल्ली गेट, छाबड़ा चौक फिर बजरिया चौक होते हुए लाल सड़क पहुंची और लाल सड़क से वापसी चोपटा बाजार होते हुए बड़सी गेट से मंदिर में समापन हुआ।

समापन के बाद मंदिर में प्रवचन भी हुए। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की अध्यक्षता श्री सीताराम परिवार सेवा समिति के प्रधान राघव शर्मा ने की. यात्रा के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, लक्ष्मी कांत गर्ग, पप्पू खरडिया, मोहित मित्तल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता) सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे।

प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि 31 मई को पीसीएचडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा।

जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभ शर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से परविंदर पलक बाबा का गुणगान करेंगे। वहीं 1 जून को आयोजित एक शाम सावरें के नाम में साध्वी पूर्णिमा श्याम भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी।



हांसी। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा से पूर्व मंदिर प्रांगण में संकीर्तन करते श्याम श्रद्धालु।